# मध्य प्रदेश बजट

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में मध्य प्रदेश के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने **राज्य विधानसभा में 3.65 लाख करोड़ रुपए का** बजट **पेश किया।**

## मुख्य बिंदु:

- **बजट की मुख्य बातें:**
  - **महिला एवं बाल विकास के लिये 26,560 करोड़ रुपए** का प्रावधान किया गया है जबकि पिछले बजट से 81% अधिक राशि का आवंटन किया गया था
  - **स्वास्थ्य क्षेत्र** में सरकार ने **21,444 करोड़ रुपए आवंटित किये हैं।**
    - **नीमच, मंदसौर और सिवानी ज़िलों** में तीन **चिकित्सा विश्वविद्यालय** स्थापित किये जायेंगे।
  - **रोडवेज के लिये सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये 10,000 करोड़ रुपए आवंटित किये हैं।**
    - **प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना** के तहत वित्तीय वर्ष 2024-2025 में 1,000 किलोमीटर सड़क निर्माण का लक्ष्य रखा गया है।
  - प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लिये वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में 520 करोड़ रुपए का प्रावधान है।
  - मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के लिये 50 करोड़ रुपए का प्रावधान
  - **वन एवं पर्यावरण के लिये 4,725 करोड़ रुपए** का प्रावधान।
  - केन-बेतवा लिंक परियोजना की अनुमानित लागत 44,605 करोड़ रुपए है। यह परियोजना **बुंदेलखंड क्षेत्र** के लोगों के लिये वरदान साबित होगी।
  - **शिक्षा** के लिये सरकार ने **22,600 करोड़ रुपए आवंटित** किये हैं।
  - **खेल एवं युवा कल्याण विभाग** के लिये सरकार ने **586 करोड़ रुपए आवंटित** किये हैं।
  - राज्य में **गौशालाओं** के लिये बजट 2024-25 में **250 करोड़ रुपए** का प्रावधान किया गया है।
  - **संस्कृति विभाग के लिये 1,081 करोड़ रुपए** तथा **पर्यटक सुविधाओं के लिये 666 करोड़ रुपए का बजट** प्रावधान प्रस्तावित है।
  - **सिंचाई परियोजनाओं** के निर्माण एवं रखरखाव के लिये **13,596 करोड़ रुपए** का प्रावधान प्रस्तावित किया गया।
  - **पंचायत एवं ग्रामीण विकास** के लिये **27,870 करोड़ रुपए** का बजट प्रावधान प्रस्तावित है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में निम्नलिखित योजनाओं के तहत 57 लाख से अधिक लाभार्थियों को लाभ मिला है:
    - **राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना, राष्ट्रीय विकलांग पेंशन योजना, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना, समग्र सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या अभिभावक पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना** आदि।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/madhya-pradesh-budget-1